भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4975**
**गुरूवार, 25 अप्रैल, 2013**

**कार उत्पादन में कमी**

**4975. श्री अशोक तंवर:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अप्रैल-नवंबर, 2012 के दौरान वर्ष 2011 के दौरान इसी अवधि के मुकाबले पैसेंजर कार उत्पादन घटकर एक प्रतिशत रह गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है;

(ग) क्या सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के अनुसार पैसेंजर कार उत्पादन पिछले 10 वर्षों से 17% की दर से बढ़ रहा था;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है;

(ङ) क्या सरकार को ऑटोमोटिव मिशन प्लान (2006-2016) द्वारा उठाए जाने वाले प्रस्तावित कदमों की जानकारी है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) पैसेंजर कार उत्पादन बढ़ाने के लिए नई विदेश व्यापार नीति द्वारा प्रदान किए जा रहे प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**
**(श्री प्रफुल पटेल)**

**(क) और (ख):** जी, हां । सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के अनुसार, अप्रैल-नवंबर, 2012 के दौरान पैसेंजर कार उत्पादन वर्ष 2011 की तदनुरूपी अवधि की तुलना में मामूली रूप से एक प्रतिशत घटा है। अप्रैल-नवंबर, 2011 और 2012 के दौरान पैसेंजर कार उत्पादन की संख्या क्रमश: 15,75,777 और 15,91,911 थी ।

**(ग):** जी, हां, । 2011-12 तक पैसेंजर कारों की संयोजित वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 17% थी । हालांकि, 2012-13 में बाजार में गिरावट आई और इसलिए पिछले 10 वर्षों की सीएजीआर गिरकर 15.86% रह गई ।

**(घ) :** पिछले 10 वर्षों का उत्पादन और वृद्धि दर का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| **वर्ष** | **उत्पादन (संख्या में)** | **वृद्धि दर (%)** |
|---|---|---|
| 2002-03 | 5,57,410 | 11.41 |
| 2003-04 | 7,82,562 | 40.39 |
| 2004-05 | 9,60,487 | 22.74 |
| 2005-06 | 10,46,133 | 8.92 |
| 2006-07 | 12,38,021 | 18.34 |
| 2007-08 | 14,26,212 | 15.20 |
| 2008-09 | 15,16,967 | 6.36 |
| 2009-10 | 19,32,620 | 27.40 |
| 2010-11 | 24,53,097 | 26.93 |
| 2011-12 | 25,37,170 | 3.43 |

पैसेंजर कारों की ऊंची वृद्धि दर के कारण निम्नवत हैं :

(i) ऑटोमोटिव मिशन प्लान (2006-16) के अंतर्गत आयात नीति, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति और उत्पाद शुल्क नीति सहित सरकार द्वारा नीतिगत हस्तक्षेप ।

(ii) उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति में बढ़ोतरी ।

(iii) आसानी से धन की उपलब्धता ।

(iv) शहरीकरण के कारण अधिक गतिशील होने की आवश्यकता ।

**(ङ.) :** जी, हां ।

**(च) :** ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2006-16 में ऑटोमोबाइल और ऑटो कलपुर्जों के क्षेत्र के दीर्घकालिक एवं सतत आधार पर विस्तृत समर्थन और विकास की परिकल्पना की गई है।

**(छ) :** पैसेंजर कार का उत्पादन बढ़ाने के लिए नई विदेश व्यापार नीति में कोई प्रोत्साहन उपलब्ध नहीं कराया गया है।

*****